प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 16.03.2023

# इंडियन बैंक ने गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड (जीपीएनटीए)-2023 जीता

**चेन्नै, 16 मार्च, 2023:** इंडियन बैंक मैनेजमेंट एकेडमी फॉर ग्रोथ एंड एक्सीलेंस (इमेज), चेन्नै को वर्ष 2023 के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड (जीपीएनटीए) प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार देश में वित्तीय क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों को दिया जाता है। इमेज को अपनी विभिन्न नवीन प्रशिक्षण पहलों जैसे स्मार्ट लर्निंग, हाइब्रिड मॉडल प्रशिक्षण, न्यू एज लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, सर्वोत्तम प्रशिक्षण मूल्यांकन और बैंक के प्रभाव विश्लेषण की पहल हेतु इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। विजेता का चयन अवार्ड्स जूरी द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय न्यायमूर्ति एम एन वेंकटचलैया, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत तथा राष्ट्रीय संविधान सुधार आयोग, भारत ने की।

श्री एस. एल. जैन, एमडी एवं सीईओ, इंडियन बैंक द्वारा बुधवार, 15 मार्च, 2023 को दुबई (यूएई) में विशेष रूप से आयोजित 'गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स प्रेजेंटेशन समारोह' में यह प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स ट्रॉफी और प्रमाण पत्र ग्रहण किया गया। यह पुरस्कार महामहिम शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान, माननीय कैबिनेट सदस्य एवं सहिष्णुता एवं सह-अस्तित्व मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा श्री संजय सुधीर, आईएफएस, भारतीय राजदूत, यूएई और लेफ्टिनेंट जनरल सुरिंदर नाथ, पीवीएसएम, एवीएसएम (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, इन्सटीट्यूट ऑफ डाइरेक्टर्स की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्यापार और उद्योग जगत के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इमेज को यह पुरस्कार तीसरी बार प्राप्त हुआ है। इससे पहले इमेज को वर्ष 2009 और 2018 में यह पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। इमेज वर्ष 2003 से आईएसओ प्रमाणपत्र से सम्मानित संगठन भी है।